भारत सरकार
गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1563**

दिनांक 03.05.2016/13 वैशाख, 1938 (शक) को उत्तर के लिए

**एनडीआरएफ में स्वानों की तैनाती**

**†1563. श्री हुकुम सिंहः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) क्या राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) प्राकृतिक आपदाओं के मलवे में फंसे लोगों को बचाने में अपने कार्मिकों की मदद के लिए 162 स्वानों का दस्ता बल तैयार कर रहा है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या एनडीआरएफ अपने विशेषीकृत शहरी खोज और बचाव (यूएसएआर) कार्यो हेतु 162 स्वानों के बैच को प्रशिक्षित कर रहा है जहां एनडीआरएफ दलों को मलवे के नीचे फंसे लोगों को बाहर निकालना होता है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री किरेन रिजिजू)**

**(क) से (घ): राष्ट्रीय आपदा कार्रवाई बल (एनडीआरएफ) की विभिन्न बटालियनों में प्राकृतिक आपदाओं के पश्चात मलबे में फंसे लोगों को बचाने में अपने कार्मिकों की सहायता करने के लिए 168 श्वानों की प्राधिकृत क्षमता है। वर्तमान में, विभिन्न दस्तों में उपलब्ध श्वानों की संख्या 148 है, जिसमें से 83 श्वान प्राशिक्षित हैं और शेष 65 श्वानों को प्रशिक्षित प्रदान किया जा रहा है।**

----